# एकल पुत्री/द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार योजना 2025

**पृष्ठ भूमि व उद्देश्य :–**

परीक्षाओं के सफल संचालन के साथ–साथ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सामाजिक सरोकारों में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। इसी क्रम में बेटी बचाओ अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के सन्दर्भ में बोर्ड की एक योजना है। केवल एक या दो पुत्री वाले परिवार की प्रतिभाशाली बालिकाओं को जो राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक/प्रवेशिका/उच्च माध्यमिक/ वरिष्ठ उपाध्याय/व्यावसायिक परीक्षा की राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त किए हों, बोर्ड द्वारा उन्हें पुरस्कार राशि प्रदान किये जाने का निर्णय लिया हुआ है।

यह पुरस्कार राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम वर्ष 2012 से दिया जा रहा है।

**पात्रता :–**

बोर्ड परीक्षा परिणाम वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off marks या अधिक अंक प्राप्त एकलपुत्री/द्विपुत्री परिवार की केवल बालिका।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की विविध परीक्षाओं में राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक की सूची बोर्ड की वैब साईट पर उपलब्ध है –

| परीक्षा | राज्य स्तर पर निर्धारित cut off marks |
|---|---|
| ❖ माध्यमिक परीक्षा | – 585 |
| ❖ माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा | – 594 |
| ❖ उच्च माध्यमिक परीक्षा | – (1.) विज्ञान– 490 (2.) वाणिज्य–486 (3.) कला–489 |
| ❖ उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा | – (1.) विज्ञान– 338 (2.) वाणिज्य–338 (3.) कला–470 |
| ❖ वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा | – 467 |
| ❖ प्रवेशिका परीक्षा | – 534 |

| परीक्षा | जिला स्तर पर निर्धारित cut off marks |
|---|---|
| ❖ माध्यमिक परीक्षा | – |
| ❖ माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा | – |
| ❖ उच्च माध्यमिक परीक्षा | – |
| ❖ उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा | – |
| ❖ वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा | – |
| ❖ प्रवेशिका परीक्षा | – |

बोर्ड के वेबसाइट पर जिलेवार cut off marks उपलब्ध है। उसी आधार पर आवेदन कर सकते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

बोर्ड द्वारा परीक्षा–2025 की ऐसी समस्त प्रतिभाशाली बालिकाएं जिन्होंने राज्य स्तर और जिला स्तर पर निश्चित स्थान तक निर्धारित Cut off अंक या अधिक अंक प्राप्त किये हैं और जो अपने परिवार की एक मात्र संन्तान है या परिवार में दो सन्तानें हैं और दोनों ही पुत्रियाँ हैं या तीन पुत्रियाँ है जिनमें से एक पुत्री के बाद दो जुड़वां पुत्रियां हैं, पुरस्कार हेतु आवेदन की पात्र हैं।

बोर्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 22-02-2026

पुरस्कार राशि :– राज्य स्तरीय

| बोर्ड परीक्षा | पुरस्कार राशि |
|---|---|
| उच्च माध्यमिक / उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा / वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा – राज्य स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक या अधिक अंक प्राप्त बालिका | 51,000 / – |
| माध्यमिक / माध्यमिक (व्यावसायिक) / प्रवेशिका परीक्षा – राज्य स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक या अधिक अंक प्राप्त बालिका | 31,000 / – |

पुरस्कार राशि :– जिला स्तरीय

| बोर्ड परीक्षा | पुरस्कार राशि |
|---|---|
| माध्यमिक / माध्यमिक (व्यावसायिक) / प्रवेशिका परीक्षा – जिला स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक या अधिक अंक प्राप्त बालिका | 11,000 / – |
| उच्च माध्यमिक / उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा / वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा – जिला स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक या अधिक अंक प्राप्त बालिका | 11,000 / – |

cut off marks बोर्ड की वेबसाइट **www. rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

आवेदन प्रक्रिया :–

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के समस्त परीक्षा परिणामों की संवीक्षा पश्चात् जारी परिणाम के आधार पर छात्राओं को एकल / द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार हेतु आवेदन की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से दी जायेगी। पुरस्कार प्राप्ति हेतु पात्र छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट **www. rajeduboard.rajasthan.gov.in** से आवेदन पत्र का प्रारूप, शपथ पत्र का प्रारूप एवं निर्देश डाउनलोड कर A-4 आकार के कागज पर प्रिन्ट प्राप्त करना होगा। भरा हुआ आवेदन पत्र मय वांछित दस्तावेज संलग्न करते हुए छात्रा ने जिस विद्यालय से बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है, उसके संस्था प्रधान से (स्वयंपाठी परीक्षार्थी की स्थिति में राजपत्रित अधिकारी की अनुशंषा) अग्रेषित करवाने के बाद नियत तिथि तक रजिस्टर्ड डाक से सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के पते पर प्रेषित करना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

## पुरस्कार राशि का वितरण :–

पात्र छात्राओं को पुरस्कार राशि का वितरण छात्राओं के स्वयं के बैंक खातों में ऑनलाईन बैंकिंग द्वारा किया जाएगा

## संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज का विवरण :–

1. आवेदन पत्र मूल (परिशिष्ट-1)
2. 50/– रुपये के नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटेरी से सत्यापित *माता–पिता का सन्तान* सम्बन्धी मूल शपथ–पत्र (परिशिष्ट-2)।
3. संस्था प्रधान का अनुशंषा पत्र/स्वयंपाठी छात्रा हेतु राजपत्रित अधिकारी *की अनुशंषा* पत्र (परिशिष्ट-3)
4. परिवार राशन कार्ड/जनआधार कार्ड की फोटो प्रति राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित।
5. बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की फोटोप्रति अथवा खाते के निरस्त चैक की प्रति जिसमें बैंक सम्बन्धी सभी विवरण **स्पष्ट पठनीय हो,** यथा A/C नम्बर, IFSC Code, Branch Code , एवं बैंक फोन नम्बर आदि जो बैंक मैनेजर द्वारा सत्यापित हो।
6. आधार कार्ड/मतदाता पहचान प्रमाण पत्र की सत्यापित फोटो प्रति)
7. आवेदन पत्र के साथ बोर्ड परीक्षा की अंकतालिका की सत्यापित फोटो प्रति।

**नोटः– अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।**

उक्त जानकारी बोर्ड की वेबसाइट **www.rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर भी उपलब्ध होगी।

**बोर्ड कार्यालय सम्पर्क सूत्र** – 0145–2622131/0145––2632854

♣♣♣

Scanned with OKEN Scanner

एकल/द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार योजना 2025 हेतु राज्य स्तरीय निश्चित स्थान तक निर्धारित **Cut off** अंक

| बोर्ड परीक्षा | | राज्य स्तरीय कटऑफ |
|---|---|---|
| माध्यमिक परीक्षा–2025 | | 585 |
| माध्यमिक – (व्यावसायिक) परीक्षा–2025 | | 594 |
| प्रवेशिका परीक्षा–2025 | | 534 |
| उच्च माध्यमिक परीक्षा – 2025 | विज्ञान | 490 |
| | वाणिज्य | 486 |
| | कला | 489 |
| उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा– 2025 | विज्ञान | 338 |
| | वाणिज्य | 338 |
| | कला | 470 |
| वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा – 2025 | | 467 |

Scanned with OKEN Scanner

# एकल/द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार योजना 2025 हेतु जिले वार निश्चित स्थान तक निर्धारित Cut off अंक

| जिलाकोड | जिला का नाम | माध्यमिक | माध्यमिक व्यावसायिक | प्रवेशिका | उच्च माध्यमिक | | | उच्च माध्यमिक व्यावसायिक | | | वरि. उपाध्याय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वाणिज्य | कला | विज्ञान | वाणिज्य | कला | विज्ञान | |
| 101 | अजमेर | 587 | 561 | 446 | 470 | 485 | 484 | | 414 | | 434 |
| 102 | अलवर | 589 | 551 | 426 | 473 | 488 | 487 | | | | 374 |
| 103 | बांसवाड़ा | 584 | 548 | 433 | 462 | 488 | 479 | | | | 430 |
| 104 | बाड़मेर | 587 | 537 | 465 | 459 | 488 | 487 | | | | 357 |
| 105 | भरतपुर | 593 | 557 | 453 | 459 | 485 | 488 | | | | 435 |
| 106. | भीलवाड़ा | 586 | 562 | 454 | 462 | 482 | 479 | 338 | 401 | | 414 |
| 107. | बीकानेर | 589 | 570 | 467 | 478 | 488 | 490 | | 403 | 320 | 418 |
| 108. | बून्दी | 584 | 550 | 444 | 416 | 484 | 477 | | 454 | | 387 |
| 109. | चित्तौड़गढ़ | 581 | 557 | 454 | 466 | 478 | 478 | | | | 327 |
| 110. | चूरू | 593 | 557 | 498 | 476 | 493 | 491 | | | | 406 |
| 111. | डूंगरपुर | 583 | 571 | 441 | 453 | 489 | 482 | | | | 322 |
| 112. | जयपुर | 593 | 566 | 507 | 484 | 490 | 490 | 400 | 421 | | 451 |
| 113. | जैसलमेर | 577 | 553 | 257 | 318 | 480 | 476 | | | | 268 |
| 114. | जालौर | 583 | 542 | 492 | 454 | 482 | 474 | | | | 378 |
| 115. | झुन्झुनु | 593 | 558 | 464 | 484 | 488 | 491 | | 301 | | 379 |
| 116. | झालावाड़ | 577 | 543 | 403 | 429 | 485 | 473 | | | | 387 |
| 117. | जोधपुर | 587 | 550 | 386 | 477 | 489 | 488 | | | | 399 |
| 118. | कोटा | 584 | 555 | 428 | 470 | 487 | 485 | | | | 429 |
| 119. | नागौर | 588 | 571 | 418 | 459 | 488 | 489 | | | | 439 |
| 120. | पाली | 584 | 558 | 399 | 475 | 479 | 485 | | | | 326 |
| 121. | सवाई माधोपुर | 592 | 565 | 435 | 438 | 484 | 485 | | 414 | | 425 |
| 122. | सीकर | 593 | 566 | 511 | 479 | 491 | 492 | | | | 441 |
| 123. | सिरोही | 583 | 554 | 317 | 446 | 476 | 467 | | | | 251 |
| 124. | श्री गंगानगर | 590 | 577 | 368 | 463 | 487 | 489 | | 407 | | 343 |
| 125. | टोंक | 588 | 552 | 442 | 458 | 485 | 486 | | | | 331 |
| 126. | उदयपुर | 581 | 570 | 329 | 466 | 485 | 482 | | | | 439 |
| 127. | धौलपुर | 586 | 562 | 354 | 446 | 488 | 480 | | | | 429 |
| 128. | दौसा | 591 | 548 | 507 | 420 | 491 | 485 | | | | 458 |
| 129. | बारां | 582 | 562 | 331 | 458 | 484 | 479 | | | | 246 |
| 130. | राजसमंद | 580 | 547 | 342 | 472 | 483 | 482 | | | | 297 |
| 131. | हनुमानगढ़ | 590 | 571 | 492 | 468 | 490 | 488 | | 374 | | 437 |
| 132. | करौली | 588 | 549 | 445 | 405 | 484 | 485 | | | | 445 |
| 133. | प्रतापगढ़ | 575 | 543 | 360 | 452 | 472 | 466 | | | | 242 |
| 134. | बालोतरा | 581 | 542 | 453 | 471 | 485 | 480 | | | | 421 |
| 135. | ब्यावर | 579 | 549 | 384 | 471 | 486 | 481 | | | | 353 |
| 136. | डिग | 588 | 521 | 321 | 381 | 481 | 481 | | | | 351 |
| 137. | डीडवाना–कुचामन | 590 | 532 | 471 | 471 | 488 | 488 | | | | 417 |
| 138. | खैरथल–तिजारा | 590 | 522 | 390 | 484 | 483 | 484 | | | | 367 |
| 139. | कोटपुतली–बहरोड़ | 587 | 545 | 480 | 456 | 486 | 490 | | | | 406 |
| 140. | फलौदी | 576 | 532 | 320 | 464 | 482 | 472 | | | | 322 |
| 141. | सलूंबर | 572 | 544 | 263 | 421 | 472 | 467 | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## एकल पुत्री/द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार योजना

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 में राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक या अधिक अंक प्राप्त करने वाली केवल एकल /द्विपुत्री परिवार की छात्राओं के लिये योग्यता पुरस्कार योजना

## –:: आवेदन पत्र ::–

छात्रा का नाम:– ..........................................

पिता का नाम:– ..........................................

माता का नाम:– ..........................................

जन्म तिथि:– ..........................................

कक्षा:– .................... रोल नं0 .......................... संकाय (उ.मा के लिए) ................................

राज्य स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अथवा अधिक अंक ...............

जिला स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अथवा अधिक अंक ...............

विद्यालय का UDISE कोड एवं नाम ..................................

छात्रा का बैंक खाता संख्या

छात्रा का पास पोर्ट साईज का फोटो शाला प्रधान/राजपत्रित (स्वंयपाठी) द्वारा सत्यापित।

IFSC कोड ....................... | | | | | | | | | | | | |

बैंक का नाम ...................................................................... शाखा का नाम ..........................................

**घोषणा (जो लागू हो उस पर √ चिह्नित/पूर्ति करें)**

1. मैं अपने माता–पिता की एकमात्र संतान हूँ। मेरा कोई भाई या बहन नहीं हैं। ( )

**अथवा**

2. मेरे परिवार में मेरे सिवाय केवल एक बहन है (अर्थात केवल दो संतानें जो पुत्रियां हैं।)
   जिसका, नाम .......................................... आयु ............वर्ष है। ( )

**अथवा**

3. मेरे परिवार में एक बालिका और उससे छोटी दो जुड़वां बहनें हैं अर्थात केवल तीन बालिका संतान हैं जिसमें मैं भी शामिल हूँ। ( )

प्रमाणित

हस्ताक्षर छात्रा के पिता/माता

पूरा नाम ..........................................

फोन नं0 S.T.D. Code सहित..........................

मोबाईल नम्बर ...........................

ई–मेल ..........................................

हस्ताक्षर छात्रा..........................................

पूरा नाम ..........................................

पता:–..........................................

..........................................

फोन नं0..........................................

मोबाईल नम्बर ..........................

ई–मेल ..........................................

**नोट :– परिवार में एक पुत्री के बाद दो जुड़वाँ पुत्रियों की स्थिति में तीन पुत्रियों के इस परिवार की छात्रा को भी पुरूस्कार प्रदान किया जाएगा।**

1. आवेदन पत्र मूल (परिशिष्ट–1)
2. 50/– रुपये के नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटेरी से सत्यापित माता–पिता का सन्तान सम्बन्धी शपथ–पत्र (परिशिष्ट –2) शपथ पत्र का प्रारुप
3. संस्था प्रधान का अनुशंषा पत्र/स्वयंपाठी विद्यार्थी हेतु राजपत्रित अधिकारी का अनुशंषा पत्र (परिशिष्ट –3)
4. परिवार राशन कार्ड/जनआधार कार्ड अथवा अन्य दस्तावेज जिसमें परिवार के सदस्यों के नाम हो की राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित प्रति
5. बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की फोटो प्रति बैंक मैनेजर द्वारा सत्यापित अथवा खाते के चैक जिसमें नाम भी मुद्रित हो की प्रमाणित फोटोप्रति।
6. पहचान प्रमाण पत्र (मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड की सत्यापित फोटो प्रति)
7. आवेदन पत्र के साथ बोर्ड परीक्षा की अंकतालिका जिसके आधार पर आवेदन किया गया है की सत्यापित फोटो प्रति।
8. संलग्न समस्त दस्तावेज राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कर प्रेषित करें।

Scanned with OKEN Scanner

# सन्तान सम्बन्धी शपथ–पत्र का प्रारूप

## (50 रू. के नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर)

मैं .................................................... (पिता) पुत्र श्री ............................................ एवं

मैं .......................................................(माता) पुत्री/पत्नी श्री ........................................

निवासी ..........................................................................................................................................

शपथ पूर्वक बयान करते हैं कि :–

1. हमारे केवल एक सन्तान है जो पुत्री है। ( )

   अथवा

   हमारे केवल दो सन्तान हैं और दोनों पुत्रियाँ हैं। ( ) जो लागू हो उस पर √ चिह्नित करे

   अथवा

   हमारे केवल तीन सन्तान हैं और तीनों पुत्रियाँ हैं ( )
   जिनमें एक पुत्री के बाद दो पुत्रियाँ जुड़वा सन्तान हैं।

2. मेरी/हमारी पुत्री कुमारी ....................... जिसने कक्षा ................. में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की परीक्षा में राज्य स्तर/ जिला स्तर पर योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक अथवा अधिक अंक ............ प्राप्त किये हैं, वर्तमान में .................................................................................................................. विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में ........................................................पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययनरत है।

3. उपरोक्त अनुच्छेदों में दिया गया विवरण सत्य है।

4. मैं यह भी वचन देता हूँ कि इस घोषणा में दिये गये विवरण के असत्य पाये जाने पर छात्रा को दी गयी पुरस्कार राशि का दो गुना बोर्ड को लौटा दूँगा तथा तथ्यों की असत्यता के सम्बन्ध में बोर्ड का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।

हस्ताक्षर शपथगृहीता

पिता के हस्ताक्षर ...............

माता के हस्ताक्षर ...............

लेख्य प्रमाणक (नोटेरी पब्लिक) या दण्डनायक/प्रथम श्रेणी के दण्डाधिकारी प्रशासक/राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में हस्ताक्षरित जो कि स्वयं भी अपने पद की मुद्रा सहित हस्ताक्षर करेंगे।

मुद्रा सहित हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

## प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य की अनुशंषा

(परिशिष्ट –3)

(केवल एक या दो बालिका परिवार हेतु नियमित विद्यार्थी के लिए)

क्रमांक: दिनांक: ....................

प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री ........................................................ पुत्री श्री ........................................................ इस विद्यालय ........................................................................................ की कक्षा ..................की नियमित छात्रा रही हैं। इसने बोर्ड परीक्षा ......................(वर्ष) ........... में राज्य स्तर/जिला स्तर पर योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित Cut off अंक या अधिक अंक ............ प्राप्त किये हैं।

मेरे द्वारा की गई जाँच के आधार पर मैं यह प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि सुश्री ................................... पुत्री श्री ................................ के परिवार में केवल निम्नांकित सदस्य है:–

I. ................................................ (पिता का नाम)
II. ................................................ (माता का नाम)
III. ................................................ (छात्रा का नाम जो पुरस्कार हेतु विचाराधीन है)
IV. ................................................
V. ................................................

उक्त के अलावा इस परिवार में अन्य कोई सदस्य नहीं है। अतः सुश्री ........................................................ बोर्ड की एकल/द्वि पुत्री योग्यता पुरस्कार योजनान्तर्गत परिवार में केवल एक या दो कन्या संतान या एक के बाद दो जुड़वा कन्या संतान होने तथा राज्य स्तर/जिला स्तर योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त होने पर पुरस्कार पाने की अधिकारी है। मैं यह पुरस्कार देने की अनुशंषा करता हूँ/करती हूँ।

हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य ......................
पूरा नाम ......................................................
पदनाम..........................................................
(कार्यालय सील सहित)
फोन नं0 (कोड नं0)..............................................
मोबाईल नम्बर.....................................................
ई–मेल ........................................................

**अथवा**

## राजपत्रित अधिकारी की अनुशंषा

(केवल स्वयंपाठी विद्यार्थी के लिए)

मैं यह प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि सुश्री ..................................पुत्री श्री .................................... जिसने कक्षा ............... में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान की परीक्षा वर्ष .................... में राज्य स्तरीय/ जिला स्तरीय निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक अथवा इससे अधिक अंक ..............प्राप्त किये है, के परिवार में केवल निम्नांकित सदस्य है:–

I. ................................................ (पिता का नाम)
II. ................................................ (माता का नाम)
III. ................................................ (छात्रा का नाम जो पुरस्कार हेतु विचाराधीन है।)
IV. ................................................
V. ................................................

उक्त के अलावा इस परिवार में अन्य कोई सदस्य नहीं है। अतः सुश्री .................................................. बोर्ड की एकल/द्वि पुत्री योग्यता पुरस्कार योजनान्तर्गत परिवार में केवल एक या दो कन्या संतान या एक के बाद दो जुड़वा कन्या संतान होने तथा राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय योग्यता क्रम में निश्चित स्थान तक निर्धारित cut off अंक अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त होने पर पुरस्कार पाने की अधिकारी है। मैं यह पुरस्कार देने की अनुशंषा करता हूँ/करती हूँ।

**हस्ताक्षर** ..................................................
**पूरा नाम एवं पद** ..................................................
**सील** ..................................................
**मो. नं.** ..................................................

Scanned with OKEN Scanner